myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

## भाग अ

## SECTION A

**1.** परमाणु के किसी कोश में समायोजित हो सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या को निर्धारित करने वाला सूत्र लिखिए । *1*

Write the formula used to determine the maximum number of electrons which a shell in an atom can accommodate.

**2.** जब मटर के किसी लम्बे पौधे का मटर के बौने पौधे के साथ संकरण कराया जाता है, तो प्राप्त संतति सदैव लम्बी ही क्यों होती है ? *1*

Why is the progeny always tall when a tall pea plant is crossed with a short pea plant ?

**3.** किसी क्षेत्र की जैव-विविधता की माप के दो मापदण्डों की सूची बनाइए । *1*

List two criteria of measuring the biodiversity of an area.

**4.** मानवों में गर्भ की प्रत्याशा में गर्भाशय द्वारा प्रति माह दर्शाई जाने वाली दो तैयारियों की सूची बनाइए । *2*

List two preparations shown every month by the uterus in anticipation of pregnancy in humans.

**5.** किसी गोलीय दर्पण द्वारा उत्पन्न रैखिक आवर्धन $-\frac{1}{5}$ है । इस मान का विश्लेषण करके (i) गोलीय दर्पण के प्रकार तथा (ii) दर्पण के ध्रुव के सापेक्ष बिम्ब की स्थिति का उल्लेख कीजिए । अपने उत्तर की पुष्टि के लिए किरण आरेख खींचिए । *2*

The linear magnification produced by a spherical mirror is $-\frac{1}{5}$. Analysing this value state the (i) type of spherical mirror and (ii) the position of the object with respect to the pole of the mirror. Draw ray diagram to justify your answer.

**6.** "घरेलू अपशिष्टों को फेंकने के लिए हमारे पास दो पृथक् कचरा-पेटियाँ होनी चाहिए, एक जैव-निम्नीकरणीय अपशिष्टों के लिए और दूसरी अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्टों के लिए ।" इन अपशिष्टों के उचित निपटारे के लिए सुझाव देते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए । *2*

"To discard the household waste we should have two separate dust-bins, one for the biodegradable waste and the other for the non-biodegradable waste." Justify this statement suggesting the proper way of disposal of these wastes.

**7.** जीवाश्मी ईंधन क्या हैं ? "जीवाश्मी ईंधनों को जलाने से तीव्र वैश्विक ऊष्मण होने की संभावना है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *2*

What are fossil fuels ? "Burning fossil fuels may lead to intense global warming." Justify this statement.

myCBSEguide.com
A complete guide for CBSE students

**8.** एथेनॉल के भिन्न ऑक्सीकरणों के दो उदाहरणों के वर्णन हेतु रासायनिक समीकरण लिखिए । एथेनॉल के दो उपयोग लिखिए । *3*

Write chemical equations to describe two examples of different oxidations of ethanol. List two uses of ethanol.

**9.** यह दर्शाने के लिए रासायनिक समीकरण लिखिए कि क्या होता है जब *3*

(i) एथेनॉइक अम्ल में सोडियम हाइड्रॉक्साइड मिलाया जाता है ?

(ii) एथेनॉइक अम्ल में ठोस सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट मिलाया जाता है ?

(iii) एथेनॉल सोडियम के साथ अभिक्रिया करता है ?

Write the chemical equations to show what happens when

(i) sodium hydroxide is added to ethanoic acid ?

(ii) solid sodium hydrogen carbonate is added to ethanoic acid ?

(iii) ethanol reacts with sodium ?

**10.** निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए जिसमें छः तत्त्वों A, B, C, D, E और F की स्थितियाँ आधुनिक आवर्त सारणी में दर्शाए अनुसार दी गई हैं :

| समूह → / आवर्त ↓ | 1 | 2 | 3 – 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | A | | | | | B | | C |
| 3 | D | | | | E | | | | F |

उपर्युक्त सारणी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *3*

(i) उस तत्त्व का नाम लिखिए जो केवल सहसंयोजक यौगिक बनाएगा ।

(ii) कौन-सा तत्त्व धातु है जिसकी संयोजकता एक है ?

(iii) कौन-सा तत्त्व अधातु है जिसकी संयोजकता दो है ?

(iv) D और E में से किस परमाणु की त्रिज्या बड़ी है और क्यों ?

(v) B और D के संयोजन से बने यौगिक का सूत्र लिखिए ।

